Rajasthan Patrika

Rajasthan recruit 4000 sanskrit teachers soon

लक्ष्मणगढ/सीकर

उच्च शिक्षामंत्री कालीचरण सर्राफ ने शनिवार को कहा है कि संस्कृत शिक्षा में चार हजार पदों पर भर्ती शीघ्र ही की जाएगी। सर्राफ शनिवार को कस्बे के बगडिया बाल विद्या निकेतन में वरिष्ठ जन एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सर्राफ ने इस दौरान लक्ष्मणगढ़ सहित प्रदेश के 150 से अधिक उपखण्ड मुख्यालयों पर सरकारी कॉलेज खोले जाने के संकेत भी दिए।

कालीचरण सराफ का कहना है कि संस्कृत शिक्षा से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को जोडने के लिए हर स्तर पर काम होगा। इसके अलावा संस्कृत शिक्षण कौशल के लिए शास्त्र शिक्षा योजना शुरू होगी।

इसके जरिए विद्यार्थी शास्त्रों की शिक्षा ले सकेगा। इसमें पुरानी शास्त्र परंपरा भी कायम रह सकेगी। संस्कृत को जनभाषा बनाने के लिए हर साल जुलाई में संस्कृत संभाषण मास मनाया जाएगा।